Headquarters
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
(ISO 9001-2008 certified)
Panchdeep Bhawan, CIG Road, New Delhi-110002

No.:13/12/9/2016-PR दिनांक 4 अप्रैल, 2016

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

रायपुर एवं भिलाई में 100 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक ईएसआई अस्पतालों का शिलान्यास श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार दवारा सोमवार, दिनांक 4 अप्रैल, 2016 को रावांभाठा, रायपुर में किया गया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा डॉ. रमन सिंह, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। रायपुर और भिलाई क्षेत्र में यह ई.एस.आई. योजना के लाभार्थियों के लिए एक और सुखद पहल है। इन अस्पतालों के निर्माण हो जाने से रायपुर एवं भिलाई और आसपास के इलाकों के ईएसआई बीमित लोगों और उनके परिवार के सदस्यो की स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में एक बहुप्रतीक्षित सपना साकार होगा।

ईएसआई के इन अस्पतालों का शिलान्यास करते हुए **श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**, **भारत सरकार** ने कहा कि निर्माण के पश्चात ये अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं से युक्त होंगे । इसके अतिरिक्त श्री बंडारू दत्तात्रेय ने छत्तीसगढ राज्य के कोरबा एंव रायगढ में भी 100 बिस्तरो वाले अस्पताल बनाने का वादा किया । साथ ही श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध करवाने की स्थिति में ईएसआईसी डिस्पेंसरी को 6 बिस्तरों वाले अस्पताल में परिवर्तित कर दिया जाएगा । ईएसआईसी 2,0 के अंर्तगत ईएसआई के लाभार्थियों के लिए नवीनतम सुधारों की जानकारी भी माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री द्वारा दी गई जिसमें प्रमुख रूप से **ऑनलाइन हैल्थ रिकार्ड की उपलब्धता, अभियान इंद्रधनुष के तहत अस्पतालों में सप्ताह के प्रत्येक**

दिन बैडशीट बदलना, 24 x 7 मेडिकल हैल्पलाइन 1800 11 3839 की शुरूआत, असंगठित श्रेत्र के अंतर्गत निर्माण कामगारों को ईएसआई योजना के अंतर्गत चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध कराना इत्यादि है ।

डा0 रमन सिहं, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ ने श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार को रायपुर और भिलाई में ईएसआई के इन आधुनिक अस्पतालों की आधारशिला रखने पर उनका धन्यवाद दिया और कहा कि छत्तीसगढ सरकार, केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा किए जा रहे नवीनतम सुधारो एंव योजनाओं को लागू करने में पूरा सहयोग करेगी । इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री ने श्री बंडारू दत्तात्रेय से रायपुर अस्पताल को एक सुपर स्पेशियलिटि अस्पताल बनाने का अनुरोध किया जिसको श्री बंडारू दत्तात्रेय ने सहर्ष मान लिया ।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कर्मचारी राज्य बीमा योजना सर्वप्रथम राजनांद गॉव जिले में दिनांक 25/09/1960 से लागू हुआ। तत्पश्चात् क्रमिक विकास के विभिन्न चरणों को पूरा करते हुए आज यह योजना वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश के 10 जिलों के 38 केन्द्रों में लाग ू है। उक्त केन्द्रों में वर्तमान में 9,367 कारखानों तथा अन्य संस्थानों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम–1948 के प्रावधानों के तहत व्याप्त किया गया है। कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत कुल 2,32,710 कर्मचारियों को पंजीकृत किया गया है। इसी के अंतर्गत 2,71,670 बीमित व्यक्तियों को इस योजना के तहत विभिन्न प्रकार के चिकित्सा हितलाभ एवं नकद हितलाभ प्रदान किए जा रहे हैं। चिकित्सा सुविधायें कर्मचारी राज्य बीमा सेवाओं के 37 कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों से प्रदान की जाती हैं । साथ ही अति विशिष्ट उपचार हेतु प्रदेश के 09 निजी चिकित्सा संस्थानों को अनुबंधित किया गया है।

ईएसआई अस्पताल, रायपुर एवं भिलाईः–

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कर्मचारियों के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित है। बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को जो कि रायपुर एवं भिलाई में रहते है को सामाजिक सुरक्षा एवं श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम इन अस्पतालों की आधारशिला रखी। इसके अतिरिक्त कोरबा में भी एक 100 बिस्तरों वाले क.रा.बी. अस्पताल की आधारशिला रखी जा चुकी है। इन अस्पतालों द्वारा रायपुर एवं भिलाई के क्षेत्रो में प्राथमिक एवं द्वितीयक चिकित्सा उपलब्ध कराई जायेगी। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा रायपुर में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए 9 एकड़ के आस–पास जमीन दी गयी है। इसके साथ ही भिलाई में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए 5 एकड़ जमीन राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गयी है। इन प्रत्येक अस्पतालों की अनुमानित निर्माण लागत लगभग 100 करोड रूपए होगी । इन अस्पतालों के निर्माण हो जाने के बाद में इनके द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य उपचार सेवाएं उपलब्ध होंगी ।

इसके अतिरिक्त शिलान्यास समारोह के शुभ अवसर पर अन्य अतिथियों में श्री गौरीशंकर अग्रवाल, माननीय विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन, श्री भैयालाल राजवाडे माननीय मंत्री, श्रम, खेल एवं युवा कल्याण, जनशिकायत निवारण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, माननीय मंत्री, राजस्व एवं पुनर्वास, आपदा प्रबंधन, उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रोद्योगिकी, छत्तीसगढ़ शासन, श्रीमती रमशीला साहू माननीया मंत्री, महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण, छत्तीसगढ़ शासन, श्री रमेश बैस माननीय सांसद, लोकसभा (रायपुर), श्री सत्यनारायण शर्मा, माननीय विधायक, रायपुर ग्रामीण, श्रीमती अंबिका यदु, माननीया महापौर, बीरगांव, रायपुर एंव श्री दीपक कुमार, महानिदेशक, क.रा.बी. निगम उपस्थित थे।

....